आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार                                        दिनांक 31.08.2025

**मुख्य समाचारः—**

1— रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना होगा।

2— छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नीट—यूजी की काउंसलिंग प्रक्रिया और आवंटन के खिलाफ दायर याचिका खारिज की।

3— आकाशवाणी केन्द्रों में आज से शुरू हुआ विशेष कार्यक्रम ''दीदी के गोठ'' का प्रसारण—कार्यक्रम में सुनाई गई ''बिहान'' योजना की दीदियों की सफलता की कहानी।

**और**

4— दुर्ग जिले की अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने लागोस में आयोजित बैडमिंटन क्लासिक चैलेंज टूर्नामेंट में रजत पदक जीता।

-------------

**मन की बात—**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा।

आकाशवाणी से आज 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों को स्वदेशी को ध्यान में रखना चाहिए।

**आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, और भी ऐसा बहुत कुछ। एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल', एक ही रास्ता 'आत्मनिर्भर भारत', एक ही लक्ष्य 'विकसित भारत'।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों की खुशियों के बीच स्वच्छता पर ज़ोर देते रहना चाहिए, क्योंकि जहां स्वच्छता है, वहां त्योहारों का आनंद और भी बढ़ जाता है।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु की भी चर्चा की। इस ऐप में उन उम्मीदवारों का डेटा रखा गया है, जिन्होंने यूपीएससी की अलग–अलग परीक्षाओं के सभी चरण पास किए, लेकिन, अंतिम मेरिट लिस्ट में उनका नाम नहीं आ पाया। इस पोर्टल से प्राइवेट कंपनियां इन होनहार स्टुडेंट्स की जानकारी लेकर उन्हें अपने यहां नियुक्ति दे सकती हैं।

**मन की बात–छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को छत्तीसगढ़ में भी सुना गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नवा रायपुर स्थित डॉक्टर श्यामाप्रसाद उद्योग और व्यापार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' हर माह प्रदेशवासियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है।

छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाए।

## हाईकोर्ट–नीट/यूजी

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नीट/यूजी की काउंसलिंग प्रक्रिया और आवंटन के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा निदेशालय–सीजीडीएमई द्वारा जारी प्रावीण्य सूची को वैध मानते हुए हाईकोर्ट ने उसके आधार पर की गई सीट आवंटन प्रक्रिया को सही माना है।

इसके बाद चिकित्सा काउंसलिंग समिति से काउंसलिंग की नई तिथि के दिशा–निर्देश प्राप्त होने पर दूसरे चरण और आगामी चरणों की नई समय–सारणी डीएमई द्वारा जारी की जाएगी। नई समय–सारणी की जानकारी अभ्यर्थियों को सीजीडीएमई की वेबसाइट पर मिलेगी।

गौरतलब है कि नीट/यूजी की काउंसलिंग के दौरान एक अभ्यर्थी ने पहले चरण की काउंसलिंग में सीजीडीएमई द्वारा दिए गए श्रेणी और संवर्ग में बदलने के विकल्प को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। साथ ही इसके आधार पर बारह अगस्त को जारी प्रावीण्य सूची को भी मान्य नहीं करने की मांग की गई थी।

## जीडीपी–वृद्धि अनुमान

भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पांच तिमाही में सबसे अधिक

है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी में सात दशमलव चार प्रतिशत रही थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह छह दशमलव पांच प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार नॉमिनल जीडीपी में आठ दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इधर, छत्तीसगढ़ लघु उद्योग भारती सर्विसेज इकाई के बैंकिंग विभाग के उद्योगपति दुर्गा प्रसाद ने कहा कि छोटी इकाइयों पर सरकार ज्यादा ध्यान दे रही है, इसकी वजह से जीडीपी में वृद्धि देखने को मिल रही है।

## दीदी के गोठ

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन–बिहान के तहत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम ''दीदी के गोठ'' का आज आकाशवाणी रायपुर सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केन्द्रों से एक साथ प्रसारण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं के नाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य के उपमुख्यमंत्री और पंचायत तथा ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के संदेश प्रसारित किए गए। साथ ही ''बिहान'' योजना की दीदियों – नारायणपुर जिले के कच्चापाल ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम इरकभट्टी की लखपति दीदी संताय पोटाई और बस्तर जिले के दरभा की लखपति दीदी बनकला कश्यप की सफलता की कहानी उन्हीं के जुबानी सुनाई गई।

''दीदी के गोठ'' रेडियो कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रदेश के सभी जिला पंचायतों में विशेष व्यवस्था की गई थी। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम हर महीने के अंतिम रविवार को दोपहर बारह बजकर पंद्रह मिनट पर आकाशवाणी केन्द्र से प्रसारित किया जाएगा।

## साइबर जागरूकता कार्यक्रम

साइबर अपराधों को रोकने और नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से सक्ती पुलिस और एसबीआई बैंक द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नुक्कड़–नाटक के माध्यम से लोगों को साइबर ठगी के बारे में बताया गया। वहीं, साइबर सतर्कता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ क्षेत्र में भ्रमण कर नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताएगा।

## आकर्षि कश्यप–रजत पदक

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले की अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने नाइजीरिया के लागोस में आयोजित बैडमिंटन क्लासिक चैलेंज टूर्नामेंट में रजत पदक जीता है। सेमीफाइनल मुकाबले में आकर्षि ने इंडोनेशिया की खिलाड़ी को इक्कीस–उन्नीस और इक्कीस–सत्रह के सीधे सेटों में हराया। हालांकि, फाइनल मुकाबले में आकर्षि, भारत की ही खिलाड़ी श्रेय्या से हार गई।

आकर्षि कश्यप अगले महीने सितंबर के दूसरे हफ्ते में होने वाले वियतनाम ओपन में हिस्सा लेंगी।

## साइकिल रैली

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में साइकिल रैली निकाली गई। फिट इंडिया कार्यक्रम "संडे ऑन सायकल" के तहत बिलासपुर स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मांनद स्कूल से निकाली गई रैली में स्कूली छात्र–छात्राओं और खिलाड़ियों ने भाग लिया।

वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में उनतीस अगस्त से आयोजित तीन दिवसीय खेल उत्सव का आज समापन हुआ। अंतिम दिन गौरेला स्थित संजय चौक से पेंड्रा के फिजिकल कॉलेज मैदान तक ग्यारह किलोमीटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

इसी तरह, बालोद जिले के कन्नेवाड़ा स्थित पीएमश्री स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय 'मोर खेल–मोर गौरव' कार्यक्रम का भी आज समापन हुआ। इस मौके पर साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## फुटबॉल प्रतियोगिता

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा नारायणपुर में सब जूनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तहत खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में केरल की टीम ने राजस्थान को दो के मुकाबले आठ गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला तीन सितंबर को केरल और उत्तरप्रदेश के बीच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर की चौदह टीमों ने भाग लिया।

## चक्रधर समारोह

रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह के चौथे दिन ओडिशी, कथक, पंथी नृत्य, सितार वादन और कव्वाली की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।
दिल्ली से आए अनीस साबरी की कव्वाली ने दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

वहीं, सुप्रसिद्ध पंथी नर्तक पद्मश्री राधेश्याम बारले की टीम ने संत बाबा गुरु घासीदास के संदेशों पर जीवंत प्रस्तुति दी। समारोह में इशिका गिरी ने ठुमरी, श्वेता वर्मा ने कत्थक, प्रोफेसर डॉक्टर लवली शर्मा ने सितार वादन और खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के छात्रों ने लोकनृत्य प्रस्तुत किए।

## संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवि और गीतकार केदार सिंह परिहार के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख जताया है।

– बिलासपुर जिले के तखतपुर थाना क्षेत्र के सूरीघाट में मंदिर के पुजारी की हत्या कर दी गई है। आज सुबह पुजारी का शव मंदिर परिसर से बरामद किया गया है। इस मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।

और

–	गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में कल एक सितंबर से पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। चार सितंबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में रायपुर, बिलासपुर दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग से लगभग छह सौ पचहत्तर खिलाड़ी भाग लेंगे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>